# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पीपलू जिला टोंक (राज0)

पीठासीन अधिकारी कपिल शर्मा (आर.ए.एस.) द्वारा अध्यासित

प्रा0पत्र संख्या–11/2024

प्रा0पत्र प्रविष्टि दिनांक–20.02.2024

निर्णय दिनांक–16.07.2024

पाना देवी पुत्र गुल्ला पत्नि रामलाल गुर्जर जाति गुर्जर निवासी ग्राम लोहरवाडा हाल निवासी ग्राम बलखण्डिया तह0 पीपलू जिला टोंक (राज0)

प्रार्थीया

बनाम

तहसीलदार पीपलू जिला टोंक (राज0)

अप्रार्थी

## आवेदन इन्द्राज दुरूस्ती

## अन्तर्गत धारा 136 एल.आर. एक्ट

### निर्णय

पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार हैं की भूमि आराजी ख0न0 1021, 1022, 1023, 1024, 1025, 1026, 1027, 990 कुल किता 08 कुल रकबा 0.6323 हैक्ट. वाके ग्राम लोहरवाडा, पटवार हल्का लोहरवाडा तह0 पीपलू जिला टोंक में स्थित है। जिसमें प्रार्थीया का हिस्सा 1/20 राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है व भूमि आराजी ख0न0 465, 466, 946, 949, 950, 951, 983, 985, 988, 989 कुल किता 10 कुल रकबा 2.1624 हैक्ट. वाके ग्राम लोहरवाडा, पटवार हल्का लोहरवाडा तह0 पीपलू जिला टोंक में स्थित है। जिसमे प्रार्थिया का 1/10 है। उक्त वर्णित आराजीयात प्रार्थीया की पैतृक आराजीयात है। जिसमें प्रार्थीया का नाम तीजा पुत्री गुल्ला अंकित कर रखा है। जबकि प्रार्थीया का सही एवं वास्तविक नाम पाना देवी पुत्री गुल्ला जाति गुर्जर है। प्रार्थिया के पिता का स्वर्गवास हो चुका है तथा उस समय प्रार्थिया के पिता के विरासत का नामान्तकरण दर्ज करते समय प्रार्थिया के घर पर पुकारे जाने वाला नाम तीजा पुत्री गुल्ला दर्ज कर दिया गया। जबकि प्रार्थीया के आधार कार्ड, भामाशाह कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, बैक खाता आदि सभी दस्तावेजात में प्रार्थिया का नाम पाना देवी सही रूप से अंकित है। उक्त त्रुटीय संहवनीय एवं लिपिकीय भूल के कारण हुई है। जिसको सही किया जाना न्यायोचित है। अतः आवेदन मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है की भूमि आराजी ख0न0 1021, 1022, 1023, 1024, 1025, 1026, 1027, 990 कुल किता 08 कुल रकबा 0.6323 हैक्ट. व भूमि आराजी ख0न0 465, 466, 946, 949, 950, 951, 983, 985, 988, 989 कुल किता 10 कुल रकबा 2.1624 हैक्ट. वाके ग्राम

उप खण्ड अधिकारी
पीपलू (टोंक)

Scanned with CamScanner

लोहरवाडा, पटवार हल्का लोहरवाडा में स्थित भूमि में प्रार्थीया के गलत रूप से अंकित नाम तीजा पुत्री गुल्ला के स्थान पर प्रार्थिया का सही नाम पाना देवी पुत्री गुल्ला अंकित करवाया जावे।

पत्रावली दर्ज पत्रावली दर्ज रजिस्टर कर तलबी अप्रार्थी तहसीलदार पीपलू की गई तथा अप्रार्थी तहसीलदार पीपलू से तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त की गई है। तहसीलदार पीपलू ने तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया की ग्राम लोहरवाडा की जमाबंदी संवत् 2072–75 (स्थायी 2077) के खाता संख्या 113, 114 में तीजा पुत्री गुल्ला जाति गुर्जर निवासी लोहरवाडा राजस्व रिकॉर्ड दर्ज है। प्रार्थिया को उक्त भूमि विरासत से प्राप्त हुई है। प्रार्थिया द्वारा पेश दस्तावेज जन आधार, राशनकार्ड, आधार कार्ड, पहचान पत्र में पाना पत्नि रामलाल जाति गुर्जर दर्ज है। सरपंच ग्राम पंचायत लोहरवाडा, सरपंच ग्राम पंचायत काशीपुरा द्वारा भी अपने प्रमाण पत्र में पाना व तीजा दोनो नाम से एक ही व्यक्ति होना बताया गया है। गांव में की गई जानकारी मुताबिक तीजा का दूसरा नाम पाना है। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है।

अधिवक्ता प्रार्थिया ने प्रस्तुत तथ्यात्मक रिपोर्ट पर बहस का निवेदन किया। बहस उभयपक्ष सुनी। अधिवक्ता प्रार्थीगण ने दौराने बहस प्रा0पत्र में अंकित तथ्यों का दोहरान करते हुए बताया की भूमि आराजी ख0न0 1021, 1022, 1023, 1024, 1025, 1026, 1027, 990 कुल किता 08 कुल रकबा 0.6323 हैक्ट. वाके ग्राम लोहरवाडा, पटवार हल्का लोहरवाडा तह0 पीपलू जिला टोंक में स्थित है। जिसमें प्रार्थीया का हिस्सा 1/20 राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है व भूमि आराजी ख0न0 465, 466, 946, 949, 950, 951, 983, 985, 988, 989 कुल किता 10 कुल रकबा 2.1624 हैक्ट. वाके ग्राम लोहरवाडा, पटवार हल्का लोहरवाडा तह0 पीपलू जिला टोंक में स्थित है। जिसमे प्रार्थिया का 1/10 है। उक्त वर्णित आराजीयात प्रार्थीया की पैत्तृक आराजीयात है। जिसमें प्रार्थीया का नाम तीजा पुत्री गुल्ला अंकित कर रखा है। जबकि प्रार्थीया का सही एवं वास्तविक नाम पाना देवी पुत्री गुल्ला जाति गुर्जर है। प्रार्थिया के पिता का स्वर्गवास हो चुका है तथा उस समय प्रार्थिया के पिता के विरासत का नामान्तकरण दर्ज करते समय प्रार्थिया के घर पर पुकारे जाने वाला नाम तीजा पुत्री गुल्ला दर्ज कर दिया गया। जबकि प्रार्थीया के आधार कार्ड, भामाशाह कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, बैक खाता आदि सभी दस्तावेजात में प्रार्थिया का नाम पाना देवी सही रूप से अंकित है। उक्त त्रुटीय संहवनीय एवं लिपिकीय भूल के कारण हुई है। जिसको सही किया जाना न्यायोचित है। अतः आवेदन मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है की भूमि आराजी ख0न0 1021, 1022, 1023, 1024, 1025, 1026, 1027, 990 कुल किता 08 कुल रकबा 0.6323 हैक्ट. व भूमि आराजी ख0न0 465, 466, 946, 949, 950, 951, 983, 985, 988, 989 कुल किता 10 कुल रकबा 2.1624 हैक्ट. वाके ग्राम लोहरवाडा, पटवार हल्का लोहरवाडा में स्थित भूमि में प्रार्थीया के गलत रूप से अंकित नाम तीजा पुत्री गुल्ला के स्थान पर प्रार्थिया का सही नाम पाना देवी पुत्री गुल्ला अंकित करवाया जावे।

कार्यालय ग्राम पंचायत काशीपुरा के प्रमाण पत्र अनुसार प्रार्थीया तीजा उर्फ पाना पत्नि रामलाल जाति गुर्जर मूल निवासी लोहरवाडा प्रार्थीया के दोनो ही नाम है। प्रार्थिया के दोनो ही नाम है, जो इसको दोनो नामो से जाना जाता है। इसको मैं भली भांती से जानती हूं। जबकि प्रार्थी एक व्यक्ति है।

उप खण्ड अधिकारी
पीपलू (टोंक)

Scanned with CamScanner

कार्यालय ग्राम पंचायत लोहरवाडा अनुसार प्रार्थी तीजा उर्फ पाना पत्नि रामलाल गुर्जर मूल निवासी लोहरवाडा प्रार्थीया के दोनो ही नाम है। प्रार्थिया के दोनो ही नाम है, जो इसको दोनो नामो से जाना जाता है। इसको मैं भली भांती से जानती हूं। जबकि प्रार्थी एक व्यक्ति है।

अप्रार्थी तहसीलदार पीपलू ने अपनी बहस में बताया की ग्राम लोहरवाडा की जमाबंदी संवत् 2072–75 (स्थायी 2077) के खाता संख्या 113, 114 में तीजा पुत्री गुल्ला जाति गुर्जर निवासी लोहरवाडा राजस्व रिकॉर्ड दर्ज है। प्रार्थिया को उक्त भूमि विरासत से प्राप्त हुई है। प्रार्थिया द्वारा पेश दस्तावेज जन आधार, राशनकार्ड, आधार कार्ड, पहचान पत्र में पाना पत्नि रामलाल जाति गुर्जर दर्ज है। सरपंच ग्राम पंचायत लोहरवाडा, सरपंच ग्राम पंचायत काशीपुरा द्वारा भी अपने प्रमाण पत्र में पाना व तीजा दोनो नाम से एक ही व्यक्ति होना बताया गया है। गांव में की गई जानकारी मुताबिक तीजा का दूसरा नाम पाना है। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है। जिसके साक्ष्य में मौका पर्चा संलग्न है।

हमने पत्रावली व प्रार्थिया द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों यथा जन आधार कार्ड, परिवार राशन कार्ड, आधार कार्ड, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र, बैक ऑफ बडौदा शाखा, पीपलू द्वारा जारी बैंक पासबुक, सरपंच ग्राम पंचायत काशीपुरा द्वारा जारी प्रमाण पत्र, सरपंच ग्राम पंचायत लोहरवाडा द्वारा जारी प्रमाण पत्र, साक्ष्य शपथ पत्र सह खातेदार रामफूली पुत्री गुल्ला जाति गुर्जर निवासी ग्राम लोहरवाडा तह0 पीपलू व तहसीलदार पीपलू द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अवलोकन एवं उभयपक्ष की बहस पर मनन किया गया। उक्त अवलोकन से स्पष्ट हैं की प्रार्थीया का शुद्ध पाना पुत्री गुल्ला जाति गुर्जर है, जबकि भूमि आराजी ख0न0 1021, 1022, 1023, 1024, 1025, 1026, 1027, 990 व ख0न0 465, 466, 946, 949, 950, 951, 983, 985, 988, 989 कुल किता 10 कुल रकबा 2.1624 हैक्ट. वाके ग्राम लोहरवाडा के राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थीया का नाम **"तीजा पुत्री गुल्ला"** दर्ज रिकॉर्ड है, जो त्रुटीपूर्ण है। अतः उक्त वर्णित आराजीयात के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज त्रुटीपूर्ण नाम **"तीजा पुत्री गुल्ला"** के स्थान पर **"पाना पुत्री गुल्ला जाति गुर्जर"** दर्ज किये जाने का आदेश दिया जाता है। निर्णय आज दिनांक 16.07.2024 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली निर्णित शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं नियमानुसार दफ्तर दाखिल हो।

(कपिल शर्मा)
उपखण्ड अधिकारी पीपलू
जिला टोंक (राज0)

उप खण्ड अधिकारी
पीपलू (टोंक)